कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्तीलाल वीरचन्दभाई शाह) : (क) और (ख) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी नवीनतम तात्कालिक (क्विक) अनुमानों के अनुसार राष्ट्रीय आय (वर्तमान मूल्यों पर) में कृषि वानिकी एवं मात्स्यिकी की हिस्सेदारी 1984-85 में 36.6 प्रतिशत और 1989-90 में 33.4 प्रतिशत थी। ग्रामीण एवं शहरी आयों के अनुमान केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा दस वर्षों में एक बार तैयार किए जाते हैं और 1980-81 के ही नवीनतम अनुमान उपलब्ध हैं। ग्रामीण लोगों की प्रति व्यक्ति औसत आय के अनुमान और बाढ के वर्षों के लिए राष्ट्रीय आय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के शेयर के अनुमान उपलब्ध नहीं हैं।

जवाहर रोजगार योजना की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट

1238. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कृषि मंत्रालय के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रकाशित जवाहर रोजगार योजना के मैन्युअल के अध्याय छह की तालिका 36-2 की मद संख्या तीन में शामिल अनुदेशों का पालन करते हुए जून 1990 के अंत तक केन्द्रीय सरकार को किन-किन राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने जवाहर रोजगार योजना की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट भेज दी है;

(ख) जो कार्य पूरे हो चुके हैं और जो कार्य अधूरे हैं, उन पर आए व्यय का राज्यवार ब्यौरा क्या-क्या है ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस प्रकार प्राप्त प्रतिवेदनों को किए गए व्यय और निर्धारित मानदंड के अनुसार संतोषजनक पाया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्तीलाल वीरचंदभाई शाह) : (क) जून, 1990 तक, केवल अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा, दमन और दीव तथा लक्षद्वीप से 1989-90 की वार्षिक प्रगति रिपोर्टें प्राप्त हुई थीं।

(ख) जैसा कि प्रश्न में पूछा गया है भारत सरकार ऐसा ब्यौरा नहीं रखती है।

(ग) जी, हां।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

Setting up of sugar factory in Karnataka

1239. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether any proposal for grant of a licence for setting up of a cooperative Sugar factory at Mardhol, Karnataka has been pending for long; and

(b) whether Chief Minister of Karnataka has also written to Prime Minister on the subject and if so, the action taken/proposed to be taken thereon?

THE MINISTER OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI RAO BIRENDRA SINGH): (a) An application for grant of an Industrial Licence for setting up of a new cooperative sugar factory at Ranna Nagar, Tehsil Mudhol, District Bijapur, Karnataka has been received in the Department of Food on 22.2.1990.

(b) Yes, Sir. However, the Licensing Policy for sugar industry for the 8th Five Year Plan period is presently being reviewed by the Government. The proposal for setting up of the aforesaid new cooperative sugar factory would be considered thereafter.